# यूपी की सबसे लंबी एलिवेटेड रोड बनारस में बनेगी, केंद्र की मंजूरी

■ **NBT न्यूज, वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र बनारस में उत्तर प्रदेश की सबसे लंबी एलिवेटेड रोड बनेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की 4100 करोड़ की परियोजना को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। 21 किलोमीटर लंबी रोड हरहुआ-राजातालाब आउटर रिंग रोड से शुरू होकर शहरी इलाके में वरुणा किनारे होते हुए नमो घाट तक बनेगी। रिंग रोड से नमोघाट के बीच में चार स्थानों से पुल को जोड़ा जाएगा। इसके बनने से जौनपुर, प्रयागराज और लखनऊ से आने वाले श्रद्धालु व पर्यटक बिना शहर में प्रवेश किए सीधे नमो घाट और वहां से काशी विश्वनाथ धाम सहित अन्य प्रमुख स्थलों तक पहुंच सकेंगे।

सूत्रों के मुताबिक प्रदेश में अब तक सबसे लंबी 10 किमी की एलिवेटेड रोड गाजियाबाद में है। बनारस में बनने वाली

**4100** करोड़ से होगा 21 किमी लंबी रोड का निर्माण, चार जगह पुल भी बनेंगे



एलिवेटेड रोड इसकी दोगुनी लंबी होगी। बता दें कि वरुणा कॉरिडोर को सिटी ट्रांसपोर्ट से जोड़ने का प्रयास वर्ष 2019 से चल रहा है। पहले कॉरिडोर के किनारे ई-रिक्शा ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम विकसित करने की योजना थी, लेकिन हर साल बाढ़ में कॉरिडोर डूब जाने से परियोजना धरातल पर नहीं उतर सकी। इसके बाद वर्ष 2022 में रिंग रोड फेज-2 से गुजरने वाले वरुणा किनारे एलिवेटेड रोड बनाने को सर्वे शुरू हुआ था। भारी भरकम बजट के कारण इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था।